यातायात — शासन के उपेक्षित नजरिए के कारण इन सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा

# आंतरिक सड़कों के बनने से मुख्य मार्गों पर होगा दबाव खत्म

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** विधानसभा क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़कें बनाई गई, लेकिन अभी भी कई ऐसी आंतरिक सड़कें हैं जिनके न बनने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें तो होती हैं साथ ही उनके समय, दूरी और धन की बर्बादी भी होती है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आंतरिक सड़कों के निर्माण से मुख्य मार्गों पर पड़ने वाला यातायात का दबाव भी कम रहता है, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सड़कों का निर्माण आज भी अपेक्षित है पर शासन के उपेक्षित नजरिए के कारण इन सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इन आंतरिक सड़कों के निर्माण की लगातार मांग करते आ रहे हैं।

### भोई दादा से शासकीय नलकूप तक आवागमन सुलभ हो सकता है

गाडरवारा सड़क मार्ग पर पड़ने वाले बीकोर के लोगों को मुख्य सड़क पर आने के लिए सात किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यदि शासकीय नलकूप से मात्र एक जाती है तो सात किलोमीटर की दूरी कम होने किलोमीटर भोई दादा तक पक्की सड़क बन के साथ सीधा आवागमन सुलभ हो सकता है। लंबे समय से यहां के लोगों के द्वारा यह विषय रखा और तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय को भी जानकारी दी गई थी उन्होंने भी अपनी स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन आज तक कोई उचित निष्कर्ष नहीं निकल सका है।

### खैरुआ से सीधे टपरियां तक बन सकती है सड़क

हाल ही में ग्राम मदनपुर के खेरुआ गांव का सरकारी रास्ता खुल जाने के बाद से यहां से लोगों को निकलने की सुविधा मिलने लगी थी। वहीं सीधे टपरियों तक एक खेत सड़क बन जाने से सीधे मदनपुर खेरुआ का मुख्य सड़क तक पहुंचे बगैर ही आवागमन सुचारू हो सकता है और किस के ले जाने के लिए सुविधा भी मिलने लगेगी।

### ईश्वरपुर से डोभी सड़क

प्रतिष्ठित ईश्वरपुर से सीधे गांव के भीतर से डोभी मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंचा जा सकता है, ग्राम पंचायत के माध्यम से तेंदूखेड़ा से जैतपुर जैतपुर ग्राम के लोगों ने अनेक बार अपनी तक पक्का मार्ग बनाए जाने की मांग रखी। यह मार्ग किसानों के लिए तो किफायती है ही वहीं आम तौर पर छोटे वाहन चालकों को भी सीधे ईश्वरपुर तक आने के लिए सुविधा जनक है बाजू से और भी ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं, उनके लिए भी यहाँ से आवागमन सुविधा जनक बन जाएगा।

### तेंदूखेड़ा से काचरकोन मार्ग

तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 छोटी हासिद्धि से काचरकोना जाने वाला मार्ग काफी पुराना है। इस मार्ग के निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है। इस मार्ग के बनने से चीरा तिगड्डा तक का चक्कर लगाए बगैर ही लोग सीधे काचरकोना इमलिया और बिल्धारी तक आवागमन कर सकते हैं, इसमें समय कम लगने के साथ मुख्य मार्ग का भी दबाव कम होगा।

### ईश्वरपुर से खमरिया सड़क

ग्राम ईश्वरपुर के टपरियों से सीधे खमरिया होकर लोग राष्ट्रीय राजमार्ग 45 फोरलेन तक पहुंच सकते हैं, अभी ईश्वरपुर डोभी के लोगों को तेंदूखेड़ा से चांवरपाठा होकर एनएच तक पहुंचना पड़ता है, यहां से बरकुंडा खेरी से भी गुटोरी तक पक्की सड़क भी बनाई जा रही है।

### सुन्हेटी से काचरकोना तक जाने वाला मार्ग

ग्राम सुन्हेटी पावर हाऊस से सीधे काचरकोना तक जाने के लिए काफी प्राचीन सड़क मार्ग है। इस सड़क के बन जाने से सीधे काचरकोना तक पहुंचा जा सकता है। अभी फिर टेकापार लोगों को या तो तेंदूखेड़ा होकर या। होकर सुन्हेटी आना-जाना करते हैं। यह मार्ग समय दूरी और ईधन खर्च की दिशा में काफी किफायती सिद्ध हो सकता है।

### तेंदूखेड़ा से जैतपुर

नगर परिषद् तेंदूखेड़ा के वार्ड क्र.8 से सीधे जैतपुर जाने के लिए पुराना के लिये और सुन्हैटी तिगड्डा होकर जैतपुर के कच्चा मार्ग है, लेकिन एनएच 45 से जैतपुर लिए अपनी कृषि उपज लाने बन गया है, लेकिन इस लिये पक्का मार्ग तो मार्ग पर काफी चक्कर और समय लगने के कारण लोगों को परेशानी होती है। ग्राम पंचायत के माध्यम से तेंदूखेड़ा से जैतपुर जैतपुर ग्राम के लोगों ने अनेक बार अपनी तक पक्का मार्ग बनाए जाने की मांग रखी। परंतु उनकी मांग को आज तक पूर्ण नहीं किया गया है। अगर यह मार्ग बन जाता है तो स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं वृद्धजनों को आवागमन में सुलभता होगी। नगरीय क्षेत्र में भी ऐसे बहुत से सड़क मार्ग है यदि उनका निर्माण होता है तो निश्चित तौर पर मुख्य सड़क मार्गों से दबाब खत्म हो सकता है। जैसे की टाल मुहल्ला से सीधे खेरापति मंदिर वार्ड क्रमांक 05 से सीधे हरसिद्धि मंदिर सड़क मार्ग जुड़ने से डोभी इमझिरा तरफ के लोग सीधे एन एच से जुड सकते हैं।

# एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन



**नवभारत,करेली।** सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया ने नरसिंहपुर जिले के करेली में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, कृषि विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक कुंदन कुमार रहे। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर अरुण कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

शाखा प्रबंधक भानु प्रताप सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। साथ ही गाडरवारा, नरसिंहपुर, सागोनी तेंदूखेड़ा, नकटुआ, मुंगवानी, करकबेल, चावरपाठा एवं सिंहपुर शाखाओं के शाखा प्रमुख भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नरसिंहपुर जि़ले की सभी शाखाओं द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 20 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर 100 से अधिक ग्राहकों ने भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उपस्थित किसानों एवं ग्राहकों को विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, फसल ऋण, पशुपालन, डेयरी एवं अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने किसानों को समय पर ऋण अदायगी, आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के उपयोग हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बैंक अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे किसान हितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। अंत में शाखा प्रबंधक भानु प्रताप सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त किया।

## मतदाता सूची से नाम हटाने की साजिश का आरोप, कांग्रेस ने निष्पक्ष जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में मतदाता सूची से नाम हटाने के प्रयासों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाया है कि भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं द्वारा फॉर्म-7 के माध्यम से एक विशेष समुदाय के मतदाताओं के खिलाफ सामूहिक और असत्य आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं। गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को ज्ञापन सौंपा और इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पार्टी के बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि कुछ ऐसे व्यक्ति सामूहिक आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं, जो संबंधित क्षेत्रों के अधिकृत बीएलए भी नहीं हैं। कांग्रेस का दावा है कि जिन मतदाताओं के नामों पर आपत्ति लगाई गई है, वे वर्ष 2003 से मतदाता सूची में दर्ज हैं और हाल ही में हुए भौतिक सत्यापन में भी वे अपने पतों पर स्थायी निवासी पाए गए हैं।

## परीक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा आ रहा 12वीं का छात्र हुआ दुर्घटना का शिकार



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को तेंदूखेड़ा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में कक्षा बारहवीं का छात्र प्रियांश ठाकुर भौतिक विज्ञान का पेपर देने आ रहा था कि गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर काल बनकर चल रहे एक कंटेनर से टकरा गया और बुरी तरह से जख्मी हो गया।


घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रियांशु ठाकुर ग्राम मनकापुर का रहने वाला है। जो एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापन किया करता है। अपने गांव से ही आना जाना करता है। रोज की तरह वह परीक्षा देने सुबह सुबह लगभग साढ़े सात बजे अपने घर से निकला था कि मनकापुर तिगड्डा पर एक कंटेनर से टकरा गया। प्रियांशु को सिर में और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं एक और साथी जो मोटरसाइकिल से साथ लेकर आ रहा था उसका पैर भी गंभीर रूप से छतिग्रस्त हो गया है।जिसे तत्काल प्रभाव से जबलपुर रिफर कर दिया गया है।

# मंदिरों का निर्माल्य अब बनेगा हरियाली की ताकत




**नवभारत,करेली।** नगर पालिका करेली द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत मंदिरों में पूजा-पाठ के दौरान निकलने वाले फूल, पत्ते, बेलपत्र और अन्य जैविक सामग्री (निर्माल्य) से प्राकृतिक खाद तैयार की जाएगी।

अब तक यह सामग्री अक्सर कचरे में या जल स्त्रोतों में प्रवाहित कर दी जाती थी, जिससे प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती थी। लेकिन अब नगर पालिका द्वारा इसे एकत्र कर उपयोगी जैविक खाद में परिवर्तित किया जाएगा। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि धार्मिक आस्था को प्रकृति से जोड़ने का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। शहरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने इस प्रयास की सराहना की है। इस प्रकार संचालित होगी योजना मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि करेली के प्रमुख मंदिरों में निर्माल्य एकत्र करने के लिए विशेष डस्टबिन और संग्रहण व्यवस्था की गई है। मंदिरों के पुजारियों, समितियों और श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे पूजा में उपयोग किए गए फूल-माला और अन्य जैविक सामग्री निर्धारित डस्टबिन में ही डालें।नगर पालिका की टीम नियमित रूप से इस सामग्री को एकत्र कर कम्पोस्ट यूनिट तक पहुंचाएगी, जहां खाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे निर्माल्य अब नालियों, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों में नहीं जाएगा, जिससे जल प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगेगी। प्राकृतिक खाद से मिलेगा लाभ एकत्रित सामग्री को छांटकर विशेष कम्पोस्टिंग प्रक्रिया से गुजारा जाएगा। कुछ ही समय में यह उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद में बदल जाएगी। तैयार खाद का उपयोग नगर के उद्यानों, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा किसानों को उपलब्ध कराने में किया जाएगा। इससे रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी और



## गोटेगांव से खाटू श्याम और वैष्णो देवी की लंबी पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालु

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालु कठिन और लंबी पैदल धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा 12 तारीख से प्रारंभ हुई है, जिसके लिए श्रद्धालुओं ने बेहद व्यवस्थित तरीके से तैयारियां की हैं ताकि मार्ग में किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी का सामना न करना पड़े। यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व परिजनों और शुभचिंतकों ने यात्रियों का फूलमालाओं से स्वागत किया और तिलक-वंदन कर उनके मंगलमय प्रवास की कामना की। श्रद्धालुओं की यह टोली राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर तक की लगभग 900 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेगी, जिसे पूरा करने में करीब 18 दिनों का समय लगने का अनुमान है।

### एक नजर में



## क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को शिक्षा मंत्री ने सुना

**नवभारत,गाडरवारा।** क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप गाडरवारा में क्षेत्रीय जनों की समस्याओं को बारीकी से सुना तथा उनका मौके पर ही निराकरण कराया इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अमला, भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ग्राम पुआरिया में पागल कुत्तों का आतंक

**नवभारत,गाडरवारा।** जनपद पंचायत चीचली अंतर्गत ग्राम पंचायत पुआरिया में पिछले कई दिनों से संक्रमित (पागल) कुत्तों के हमलों से हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। कुत्तों के काटने से अब तक 10 से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है, जिससे पूरे गांव में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है, ग्रामीणों के अनुसार, पागल कुत्तों द्वारा गाय, बछड़े एवं भैंसों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। काटे गए पशु कुछ ही समय में दम तोड़ रहे हैं। मृत मवेशियों को खुले में फेंक दिया जा रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा और अधिक बढ़ गया है, स्थिति की गंभीरता के बावजूद ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव, पशुपालन विभाग और जनपद पंचायत चीचली द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है, ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पागल कुत्तों को पकड़कर उनका वैक्सीनेशन नहीं किया गया, तो यह संक्रमण तेजी से फैल सकता है और मानव जीवन पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है, ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि — पागल कुत्तों को तुरंत पकड़कर वैक्सीनेशन किया जाए, मृत पशुओं के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की व्यवस्था हो, प्रभावित परिवारों को तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए, तथा गांव में स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा शिविर लगाया जाए, ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव को घटना से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है, गांव के लोग डर के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं और प्रशासन से शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

## अशोक नीखरा व ऋषि चौहान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**नवभारत,गाडरवारा।** स्थानीय पानी टंकी के पास अशोक चौक पर आज 14 फरवरी को सुबह 9 बजे कांग्रेस नेता स्वर्गीय अशोक नीखरा एवं ऋषि चौहान की पुण्यतिथि के अवसर पर उनका स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । कांग्रेस मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों एवं कांग्रेस नेताओं व नागरिकों से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होने की अपील की है ।

## कांग्रेस संगठन को मजबूती देने जुटे दिग्गज, आगामी रणनीति पर हुआ मंथन

**नवभारत,गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला समन्वय समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला प्रभारी आलोक मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में संगठन की भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक सुनीता पटेल ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने शिरकत की, जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मैथिली शरण तिवारी और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के हितों को सर्वोपरि रखते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।



## ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल मंत्री से मिले विधायक व सांसद

**नवभारत,गोटेगांव।** विधायक महेंद्र नागेश ने दिल्ली प्रवास के दौरान मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय भेंट का मुख्य उद्देश्य श्रीधाम (गोटेगांव) रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना था।

विधायक नागेश ने रेल मंत्री को एक विस्तृत मांग-पत्र सौंपते हुए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के उन्नयन और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक कार्यों को शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह किया। विधायक ने क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए जबलपुरङ्कइंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और संघमित्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों के श्रीधाम स्टेशन पर ठहराव की प्रमुखता से मांग की। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सहूलियत के लिए स्टेशन पर एस्केलेटर या लिफ्ट की स्थापना, नवीन पानी टंकी का निर्माण, जर्जर फुटओवर ब्रिज के स्थान पर नया ब्रिज, पृथक महिला-पुरुष शौचालय, रेल पुलिस चौकी की स्थापना और स्टेशन परिसर में महापुरुषों की प्रतिमा लगाने जैसी मांगें भी रेल मंत्री के समक्ष रखी गईं।

## परीक्षा केन्द्रों पर देखने मिली कड़ी निगरानी

**नवभारत,गाडरवारा।** मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा अंग्रेजी विषये प्रश्न पत्र के साथ शुरू होने के चलते क्षेत्रे विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी के बीच बच्चों को परीक्षा देते हुये देखा गया। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में प्रारंभ हुई इस परीक्षा मे सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की पाली मे छात्र छात्राओं ने अपने अपने केन्द्रो पर समय पर पहुंचकर परचा हल किया।

परीक्षा शुरू होने के पूर्व थानो से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी मे सीलबंद प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक शासन के नियमों का पालन करते हुये ले जाया गया जिन्हे सीधे परीक्षा केंद्रों मे कमरों मे पेपर शुरू होने मे 5 मिनिट पूर्व पर्यवेक्षको ने छात्र छात्राओ को वितरित किये। परीक्षा शुभारंभ के पहले दिवस मंगलवार को नगर मे परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उ मा शाला मे 188 मे से 188 तथा परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय मे 216 मे से 213 व परीक्षा केन्द्र बीटीआई स्कूल मे कुल 307 मे से 307 एवं परीक्षा केन्द्र कन्या नवीन उ मा विद्यालय मे कुल 325 मे से 325 परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर अपनी परीक्षा का पहला पेपर दिया। इसी प्रकार साईंखेड़ा के सांदीपनी विद्यालय के परीक्षा केंद्र पर 487 में से 483 तथा उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 317 में से 317 के आवला परीक्षा केन्द्र ग्राम सूखाखेरी में 78 में से 77 तो ग्राम रायपुर परीक्षा केन्द्र पर 43 में से 43 व परीक्षा केन्द्र तेंदूखेड़ा छोटा में 67 में से 67 वही परीक्षा केन्द्र बारहाबड़ा में 40 में से 40 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। नगर परिषद सालीचौका के शा बालक उ मा विद्यालय में स्थापित किये गये परीक्षा केंद्र पर 98 में से 97 एवं शा कन्या उ मा विद्यालय केंद्र पर 148 में 148 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। क्षेत्र के आमगांव छोटा, नांदनेर, बनवारी, तूमड़ा, बम्होंरी कला, पलोहा बड़ा, आड़ेगांव, कठोतिया, कौडिया, बोहानी आदि केन्द्रो पर भी द्यिार्थियों ने परीक्षा में उत्साह पूर्वक सहभागिता की। यहाँ उल्लेखनीय हैं कि परीक्षा मे लिए छात्र छात्राओं को सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने मे निर्देश दिए गये थे। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष सहित शिक्षकों ने परीक्षा से जुड़े निर्देश विद्यार्थियों को दिये गये। वही परीक्षा मे पहले दिन तहसीलदार प्रियंका नेताम एवं सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, प्राचार्य सुनीता पटैल, बीआरसी संदीप स्थापक एवं शिक्षक भागीरथ प्रसाद के उड़न दस्ते ने नगर मे परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए। शुरुआती दिन किसी भी परीक्षार्थी का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। परीक्षा मे पहले दिन ग्राम बनवारी के केंद्र से परीक्षा देकर निकल रही छात्रा तनुश्री बसेड़िया ने बताया कि अंग्रेजी का पेपर पूर्णरूप से संतोष जनक रहा और हल करने में किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नही हुई।

# वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

## कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ



**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस करकबेल स्थित समृद्ध विकास समिति मुशरान पिपरिया द्वारा संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल करकबेल के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात छात्राओं ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण, गीत, नृत्य और विभिन्न नवीन विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य धनीराम गुमास्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ गोटेगांव के अध्यक्ष देवदत्त पचौरी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवकुमार लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामगोपाल सिंह लोधी, जनपद सदस्य नेतराम पटेल, राजश्री रामजी पटेल, रतन पटेल, तोफान सिंह लोधी और हाकम सिंह पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनका तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रगति के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पंडित दिलीप मालगुजार, सज्जन सिंह पटेल, राजेश नामदेव और सुखदेव मेहरा द्वारा शाला परिवार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

### अतिथियों का आभार व्यक्त किया

समारोह का भी आयोजन किया गया, जिन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय समिति द्वारा शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और पत्रकार बंधुओं का भी सम्मान किया गया। मंच का सफल संचालन प्रधान पाठक आदित्य पटेल और शिक्षक घनश्याम कुशवाहा ने किया, जबकि समस्त व्यवस्थाएं सिद्धार्थ पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संचालक रामजी पटेल ने सभी उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## कलेक्टर का औचक निरीक्षण, सांईखेड़ा तहसील में लापरवाही उजागर

**नवभारत,गाडरवारा।** कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को तहसील कार्यालय एवं तहसीलदार न्यायालय सांईखेड़ा का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अभिलेख संधारण, दायरा पंजी, पासबुक अपडेट एवं लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दायरा पंजी, अभिलेख पासबुक एवं समस्त राजस्व प्रकरणों को अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाए तथा सभी पारित आदेशों का समयबद्ध अमल सुनिश्चित हो। उन्होंने अभिलेखों के दुरुस्तीकरण को प्राथमिकता से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभिलेख पासबुक अधूरी, जानकारी अपडेट न होने तथा कई राजस्व प्रकरण लंबित पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस पर प्रभारी तहसीलदार सांईखेड़ा अतुल श्रीवास्तव, रीडर शुभम शुक्ला एवं सुनील पतरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।